प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 16.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नयी दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन, वैश्विक एआई एजेंडा तय करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी मजबूत।
- केंद्र सरकार ने पंचायत स्तर पर उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करने के उद्देश्य से देशभर की ग्राम पंचायतों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण किया शुरू।
- राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव में मतदान केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को सख्त कदम उठाने का दिया निर्देश।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा– सरकार आने वाले दिनों में स्वास्थ्य विभाग में दस हजार लोगों की करेगी बहाली।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ में किया क्वालीफाई।

*************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नयी दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। पांच दिन की इस प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के साथ किया जा रहा है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के मंडप होंगे।

*************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले तीन से चार सालों में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी–सीबीडीसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को देशभर में लागू किया जाएगा। इससे हर पात्र व्यक्ति को उसका अधिकार का राशन पारदर्शी तरीके से मिलेगा। वे कल गांधीनगर में इस प्रणाली के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे।

उन्होंने राशन बांटने वाली अन्नपूर्णा मशीन का भी शुभारंभ किया। यह मशीन 35 सेकंड में 25 किलो अनाज वितरित कर सकती है। उन्होंने कहा कि इससे सही मात्रा और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

*************************

केंद्र सरकार ने देशभर की ग्राम पंचायतों के लिए देशव्यापी क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण शुरू किया। इस दौरान झारखंड, बिहार और ओड़िशा के पंचायत प्रतिनिधियों को तमाम तकनीकी और धरातल की जानकारियां दी गयी। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करना है।

*************************

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। मतदान केंद्रों पर कब्जा, बैलेट पेपर लूटने या किसी अन्य गलत आचरण करनेवालों को एक वर्ष से पांच वर्ष तक सजा हो सकती है। सरकारी कर्मी या पदाधिकारी ऐसा करता है, तो उसे तीन वर्ष की सजा होगी। उसपर विभागीय कार्यवाही अलग से चलेगी। वहीं मतदान केंद्रों पर गलत आचरण के लिए 3 माह का कारवास और जुर्माना या दोनों हो सकता है। मतदान केंद्र पर कब्जा करने पर 1 से 5 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना या दोनों हो सकता है।

*************************

उत्पाद विभाग नगर निकाय चुनाव के दौरान पूरी तरह से सर्तक है। सहायक उत्पाद आयुक्त उमाशंकर सिंह ने बताया कि चुनाव अवधि में शराब सिंडिकेट की किसी भी कोशिश को कामयाब नहीं होने दिया जायेगा। विभाग की यह मुहिम शहर के विभिन्न इलाकों में जारी है, जहां संदिग्ध ठिकानों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।
************************

बोकारो जिले के चास नगर निगम और फुसरो नगर परिषद चुनाव में प्रत्याशी युद्ध स्तर पर जन संपर्क में जुटे हुए हैं।

************************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में स्वास्थ्य विभाग में दस हजार लोगों की बहाली करेगी। वे कल जामताड़ा के राजबाड़ी स्थित पुराने शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। उन्होंने लोंगों को महाशिवरात्रि की बधाई दी।

************************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय के पास दिव्यांगता जांच और सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जरूरतमंदों के बीच ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एंड एयर बड, कृत्रिम हाथ पैर एवं बैसाखी सहित अन्य उपकरणों का वितरण किया।

************************

बोकारो जिले के गोमिया स्थित सीसीएल कोल वाशरी के कन्वेयर बेल्ट में कल भीषण आग लग गई। घटना के बारे में परियोजना पदाधिकारी बैकुंठ मोहन ने बताया कि कन्वेयर बेल्ट में मेंटेनेंस के काम के दौरान अचानक आग लग गई। शिफ्ट चेंज का समय होने के कारण काम पर मौजूद मजदूर आग नहीं देख पाए। इसलिए कन्वेयर बेल्ट पूरी तरह जल गया।

************************

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में कल भारत ने पाकिस्तान को एकसठ रन से हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया। कोलंबो में खेले गये मैच में कल पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। वहीं 176 रन के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ही सिमट गई।

*************************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने टी–20 विश्व कप में भारत की पाकिस्तान पर शानदार जीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

दैनिक भास्कर ने झारखंड के गांव–गांव में अबुआ दवाखाना खोलने की राज्य सरकार की योजना और दवाओं के मुफ्त विरतण की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

प्रभात खबर ने समग्र शिक्षा को केंद्र से अवधि विस्तार नहीं मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने देश की अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है– भारत ने अपनी शर्तों पर किये करार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– भारत को आमंत्रित कर बांग्लादेश ने की नये रिश्तों की शुरूआत।

************************